कार्यालय नगरपालिका परिषद मंदसौर म0प्र0

परिशिष्ट अ

विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्र0 5823 के प्रश्न ख की जानकारी :–

निकाय द्वारा पत्र क्र. 2143/प्र.वि.–2/12 दिनांक 14.6.12 से म0प्र0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के उपरोक्त पत्र के संदर्भ में कार्यवाही का विस्तृत परियोजना का प्रतिवेदन तैयारकर आवासएवं पर्यावरण विभाग के माध्यम से साधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया । पुनः स्मरण पत्र क्र. 3040 दि0 13.8.12 प्रेषित किया गया ।

निकाय द्वारा उक्त कार्य की योजना तैयार किये जाने हेतु मेरिगो कंसलटेंट इंदौर कोनियुक्त किया गया था । दिनांक 19.12.13 को विधायक विधान सभा क्षेत्र मंदसौर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें उक्त कार्य योजना पी पी पी मोड के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार किये जाने के निर्णय लिया गया ।

उक्त निर्णय के उपरांत निकाय की प्रेसीडेट इन काउंसिल द्वारा ठहराव क्र. 3962 दिनांक 24.5.2014 से उक्त कार्य योजना मेरिगो कंसलटेंट इंदौर से पी.पी.पी. मोड के तहत कराये जाने की अनुशंसा उपरांत परिषद ठहराव क्र. 382 दि. 10 जुलाई 2014 से स्वीकृति प्रदान की गई। निकाय द्वारा उक्त कार्य योजना पी.पी.पी. मोड(जन निजी भागीदारी) अंतर्गत नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय नीमच से योजना के अनुमोदित अभिन्यास अनुसार न0पा0 परिषद मंदसौर द्वारा वास्तुविद के माध्यम से रू0 599.50 लाख की तैयारकर उक्त योजना के कियान्वयन हेतु आवश्यक स्वीकृति एवं मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु पत्र क्र. 109 दिनांक 28.7.2014 आयुक्त महो. नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल को प्रेषित किया गया था इसके उपरांत भोपाल के पी. पी.पी. मोड प्रकोष्ठ के अधिकारियों से समय–समय पर सतत व्यक्तिशः संपर्क भी किया गया किंतु इस संबंध में निकाय को शासन स्तर से कोई मार्गदर्शन/स्वीकृति प्राप्त नही हुई ।

तत्पश्चात नगरपालिका द्वारा अपने स्तर पर कंसलटेंट के माध्यम से इसकी **viabilty** निकाली गई जो नकारात्मक होने से कलेक्टर जिला मंदसौर के अर्द्ध शासकीय पत्र क्र. 832 दिनांक 23.2.2016 प्रेषित कर उक्त योजना सेल्फ फाईनेंस स्कीम के तहत कराये जाने हेतु तकनीकी व प्रशासकीय स्वीकृति आयुक्त महोदय नगरीय प्रशासन एवं पर्यावरण विभाग भोपाल से चाही गई है । निकाय द्वारा अधीक्षणयंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल को पत्र क्र. 3790 दिनांक 5.8.2016 प्रेषितकर तकनीकी स्वीकृति चाही गई है । पुनः संशोधित तकनीकी स्वीकृति हेतु निकाय द्वारा पत्र क्र. 4368 दि0 14.9.16 अधीक्षणयंत्री भोपाल का प्रेषित किया गया है ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मंदसौर

Executive Engineer
Urban Administration and Development
M. P. Bhopal

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग